बदला ट्रेंड | शहर में बदला जल आपूर्ति का ट्रेंड

# बोरिंग के बढ़ते चलन से टैंकरों की मांग घटी




**नवभारत, जबलपुर ।** शहर में जल आपूर्ति को लेकर एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां पहले हर गली-मोहल्ले में पानी के टैंकरों की आवाजाही आम बात थी, वहीं अब टैंकरों की मांग में गिरावट दर्ज की जा रही है। जानकारी के अनुसार, शहर में आज भी प्रतिदिन लगभग 100 से 150 पानी के टैंकर विभिन्न क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इनकी संख्या और उपयोग में कमी आई है। सोमवार को नवभारत टीम द्वारा की गई पड़ताल में सामने आया कि इस बदलाव का मुख्य कारण घर-घर में बोरिंग (नल-जल व्यवस्था) की बढ़ती सुविधा है। अब अधिकांश लोग अपने घरों में ही पानी की व्यवस्था कर चुके हैं, जिससे टैंकरों पर निर्भरता कम हो गई है। जांच के दौरान यह भी देखा गया कि शहर में चल रहे अधिकांश टैंकर साफ-सफाई और रखरखाव के मामले में बेहतर स्थिति में हैं। टैंकरों की नियमित सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता भी संतोषजनक बनी हुई है।

### नहीं खरीदे गए नए टैंकर

हालांकि, एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी सामने आया कि पुराने टैंकरों को धीरे-धीरे हटा दिया गया है, लेकिन उनकी जगह नए टैंकर अभी तक नहीं जोड़े गए हैं। ऐसे में भविष्य में यदि पानी की मांग बढ़ती है, तो टैंकरों की कमी एक चुनौती बन सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान में भले ही बोरिंग की सुविधा ने लोगों को राहत दी है, लेकिन जल स्तर में गिरावट की स्थिति में टैंकरों की भूमिका फिर से अहम हो सकती है। ऐसे में प्रशासन को समय रहते इस दिशा में योजना बनानी होगी। नागरिकों ने भी प्रशासन से अपील की है कि पानी की वैकल्पिक व्यवस्थाओं को मजबूत रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में शहरवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### इनका कहना है



बढ़ती गर्मी के कारण इन दिनों पानी के टैंकरों की जरूरत ज्यादा पड़ रही है, जिससे रोजाना करीब 100-150 ऑर्डर मिल रहे हैं।

**रवीन्द्र शर्मा**

आजकल हर घर में बोरिंग होने के कारण पानी के टैंकरों के ऑर्डर कम आ रहे हैं, जिससे इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**नीलेश साहू, प्रभारी**



## मोहिनी एकादशी पर जगदीश बस्ती से निकली प्रभात फेरी



**नवभारत, जबलपुर।** वैशाख मास शुक्ल पक्ष सोमवार को मोहिनी एकादशी पर्व पर विवेक अग्रवाल के पी एन तिवारी का बाड़ा महादेव मंदिर पढ़ाव जगदीश बस्ती से प्रात:बेला में प्रभात फेरी निकाली गई,जो पड़ाव सब्जी मंडी, अन्नपूर्णा मंदिर, चरहाई, शंकर घी भण्डार, बड़ी महाकाली से होते हुए जगदीश मंदिर गढ़ाफ़ाटक मे संपन्न हुई। इस अवसर पर मन्मोहन् दुबे, अमित विश्नोई, अनिल सुहाने, देवेंद्र नेमा, सत्य प्रकाश नामदेव, सुनील कोष्टा, मगन विश्वकर्मा, वीरेंद्र नामदेव, ब्रजेश अग्रहरी, नरेश मोढ़ा, नरेश कहार, मनोज सोनी, नीलेश विश्नोई, सुरेश शुक्ला, अवधेश खरे, श्री राम अग्रवाल, मातृशक्ति भावना अग्रवाल, रंजीता केसरी, मंजू कोष्टा, अर्चना पटेल, अलका विश्नोई, संगीता केसरवानी, सुषमा गोवस्वामी, शशि रानी, तारा सेन, भानु रैकवार, अर्चना यादव आदि बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित रहे। यह प्रभात फेरी 22 जनवरी 2024 अयोध्या मे रामलल्ला की प्राण प्रतिष्ठा जब हुई है तब से प्रत्येक एकादशी को निकाली जाती है।

### एक नजर में



## सड़कों पर घूम रहे गौवंश की स्थिति पर जताई चिंता

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में 'राष्ट्रीय सनातन सेना भारत' द्वारा सोमवार को गौवंश संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर आवारा गौवंश की सुरक्षा और उनके लिए स्थायी व्यवस्था की मांग उठाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। यह आयोजन सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शहर में सड़कों पर घूम रहे गौवंश की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम लोगों के साथ-साथ गौवंश भी घायल हो रहा है। ऐसे में प्रशासन को इस दिशा में ठोस और त्वरित कदम उठाने की जरूरत है। अभियान का नेतृत्व जिला प्रभारी अपर्णा तिवारी और जिला अध्यक्ष अंकिता तिवारी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है, लेकिन वर्तमान में उनकी स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गौवंश के प्रति संवेदनशील बनें और उनके संरक्षण के लिए आगे आएं। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि शहर में गौशालाओं की संख्या बढ़ाई जाए, आवारा गौवंश के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराए जाएं और उनके चारे-पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही नगर निगम और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने पर भी जोर दिया गया।



## बुजुर्ग हमारे धरोहर, उनकी सेवा करना सबसे बड़ा धर्म

**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी निराश्रित वृद्धा आश्रम में डॉ पुष्पराज पटेल ने स्थानीय वृद्धाश्रम में सेवा और आत्मीयता का संगम देखने को मिला। गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें ताजे फल एवं ठंडी लस्सी का वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. पटेल ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं और उनकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी। फल और लस्सी पाकर आश्रम के बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर डॉ इमरान खान, हेमंत बड़गैया, अंकित साहू आदि उपस्थित रहे।

## जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर को दी विदाई

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के जूनियर छात्राओं के द्वारा सीनियर छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब, विभागाध्यक्ष डॉ सपना श्रीवास्तव के उद्बोधन एवं आशीर्वचनों के साथ हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आकर्षक रैंप वॉक की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। छात्राओं ने आत्मविश्वास, प्रतिभा और व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणियों जैसे बेस्ट स्माइल, मोस्ट कॉन्फिडेंट एवं मिस फेयरवेल के लिए विभिन्न चरणों मे प्रतियोगिता के माध्यम से चयन किया गया। 'मिस फेयरवेल' का खिताब आस्था सिंह, बेस्ट स्माइल प्रीति कोकडे, मिस कान्फीडेंस प्रिया दुबे, मिस बेस्ट आउटफिट मोनिका चौधरी रहीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पूनम शर्मा एवं छात्रा पलक टंडन, मानसी केशरवानी, शिवानी कोरी के द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। निर्णायक की भूमिका डॉ प्रभा पहारिया, डॉ अंजू मिश्रा पांडे के द्वारा निभायी गई। कार्यक्रम के अंत में भावुक पल देखने को मिले,जब सीनियर छात्राओं ने कॉलेज एवं शिक्षकों के प्रति अपने विचार व्यक्त किये। शिक्षकाओं ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ दीप्ति मिश्रा, रीता मुखर्जी, डॉ कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ भारती रजक, डॉ वर्षा दुबे ,राकेश तिवारी, आकांक्षा नामदेव का सहयोग रहा ।

## छात्राओं को दी हेलमेट के महत्व और यातायात नियमों की जानकारी




- हेलमेट अनिवार्यता को लेकर विशेष अभियान जारी

**नवभारत, जबलपुर।** भोपाल पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेशभर में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 26 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना क्षेत्रों मालवीय चौक, गढ़ा और घमापुर में विशेष टीमें गठित कर अभियान को प्रभावी बनाया गया है। अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गंगानगर गढ़ा स्थित रानी दुर्गावती शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में छात्राओं को हेलमेट के महत्व और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। जागरूकता बढ़ाने के लिए तीन पत्ती चौराहा और छोटी लाइन फाटक पर लाउड हैलर के माध्यम से अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की समझाइश भी दी गई। इसके अलावा फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## डब्ल्यूसीआरईयू के महामंत्री मुकेश गालव ने महाप्रबंधक से की सौजन्य भेंट



**जबलपुर, नवभारत।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के महामंत्री कामरेड मुकेश गालव ने सोमवार को पमरे के नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह से यूनियन प्रतिनिधि मंडल के साथ सौजन्य मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान यूनियन के मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला, मंडल सचिव रोमेश मिश्रा, सिंटू सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे। महाप्रबंधक श्री सिंह से मुलाकात के दौरान का. मुकेश गालव ने पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों, जबलपुर, कोटा व भोपाल के अलावा कारखानों में लंबित कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिन मुद्दों को उठाया, उनमें जीडीसीएस, प्रतियोगी परीक्षाओं, कर्मचारियों की समयबद्ध पदोन्नति, रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं, ट्रैकमेन आदि की पिछले काफी समय से पूरी नहीं की जा रही कई मांगों को उठाया। श्री सिंह ने यूनियन महामंत्री का. गालव की समस्याओं को ध्यान से सुना और उन पर शीघ्र ही उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। यूनियन ने कहा है कि संगठन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है।



## प्रथम दिन से ही अमर शहीद मेला बना जन आकर्षण का केंद्र

**नवभारत, जबलपुर।** एक से एक बढ़कर देशी-विदेशी झूले, शीश महल की भुलभुलैया जैसे दर्जनों आकर्षणों से भरी अमर शहीद स्मृति मेले का आज सायंकाल गोलबाजार मैदान में धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी बाबू विश्वमोहन ने कहा यह मेला शहीदों की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने में एक मील की कड़ी है। ऐसे प्रयासों की जितनी प्रशंसा की जाए कम हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया ने मेले के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संयोजक मंडल के जादूगर एस के निगम ने इस मेले की भावनाओं को शब्द दिए और कहा जब दर्शकों के दिमाग और दिल पर खुशियों की लहर आती है, तो एक सकारात्मक लहर चलती है। इस मेले के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को मोबाइल और नेट की दुनिया से बाहर लाकर स्वस्थ्य, जमीनी भारतीय मनोरंजन से रूबरू करा रहे हैं। इस अवसर पर विजय जायसवाल के अथक प्रयासों का सम्मान किया गया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं प्रतुल श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों का पगड़ी बंधन व मालाओं से राजीव गुप्ता, विजय नेमा, संतोष नेमा, मनीष जायसवाल, आर के तहगुनिया ने किया। आभार प्रदर्शन लायन नरेंद्र जैन ने किया। ज्ञातव्य रहे कि यह मेला सायंकाल 5:30 से 10: 30 बजे तक आमजन के लिए प्रतिदिन 45 दिनों तक प्रारंभ रहेगा।

## विशेष आयोजनों के माध्यम से समाज को किया जागरूक

- अप्रैल माह को ऑटिज़्म जागरूकता माह के रूप में मनाया



**नवभारत, जबलपुर।** अप्रैल माह को ऑटिज़्म जागरूकता माह के रूप में मनाते हुए सनराइस एकेडमी द्वारा जबलपुर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरुआत 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर भंवरताल गार्डन में हुई, जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ऑटिज़्म से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की। 11 अप्रैल को आयोजित विशेष वार्ता में ऑटिज़्म विशेषज्ञ डॉ. अदिति एवं पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट प्रोफेसर डॉ. शशि प्रभा तोमर ने अभिभावकों के प्रश्नों का समाधान करते हुए बच्चों की देखभाल, व्यवहार प्रबंधन और समग्र विकास पर उपयोगी सुझाव दिए।

इसके पश्चात 24 अप्रैल को नगर निगम जबलपुर के सहयोग से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर अंकित सेन की विशेष सहभागिता रही। पूरे अभियान का नेतृत्व सनराइस एकेडमी की डायरेक्टर विनिता पगारे ने किया, जिसमें टीम सदस्य अनिल, अभय, सूरज, रश्मि, दीपाली, मिली और तीशा का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम | पंख कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं की बैठक आयोजित

## हिरन नदी जल संवर्धन के लिए स्वैच्छिक संगठन सहयोग करें : कलेक्टर



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जबलपुर जिला इकाई द्वारा पंख कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के स्वैच्छिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कलेक्टर ने बैठक में स्वैच्छिक संगठनों से हिरन नदी जल संवर्धन यात्रा में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हिरन जल संवर्धन यात्रा का समापन गंगा दशहरा पर्व पर किया जायेगा। कलेक्टर ने गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी भी बैठक में प्राप्त की तथा जन अभियान परिषद द्वारा जिले किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। जन अभियान परिषद के सलाहकार नीति निर्माण के शिवनारायण पटेल ने भी बैठक को संबोधित किया। प्रस्तावना संभाग समन्वयक रवि बर्मन ने प्रस्तुत की। आभार घनश्याम रायपुरिया जिला समन्वयक जबलपुर के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक भी बैठक में मौजूद थे। इस बैठक में परिषद के प्रदेश सलाहकार नीति निर्माण शिवनारायण पटेल, परिषद के शासी निकाय के सदस्य सरदार अजित सिंग सीटू, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

## नि:शुल्क हृदय सर्जरी से दो मासूमों को मिला नया जीवन

- आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से हुई नि:शुल्क सर्जरी



दिव्यांशी बर्मन | मुहम्मद मुस्तफा खान

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत हृदय रोग से पीड़ित दो मासूम बच्चों को सफल नि:शुल्क सर्जरी के माध्यम से नया जीवन मिला है। जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला के अनुसार 11 माह की बालिका दिव्यांशी बर्मन (पिता: दुर्गेश बर्मन, ग्राम तिघरा, सिहोरा) का उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत मुंबई के नारायणा हृदयालय में 22 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक किया गया। वहीं 7 माह के बालक मुहम्मद मुस्तफा खान (पिता: ज़ीशान अली खान, आनंद नगर, आधारताल) का उपचार मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के अंतर्गत 25 अप्रैल 2026 को जबलपुर के बडेरिया मेट्रोप्राइम मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक किया गया। दोनों मामलों में आरबीएसके टीम की सक्रिय भूमिका रही। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्शिया खान के मार्गदर्शन में डॉ. संगीता कश्तवार द्वारा दिव्यांशी की पहचान की गई, जबकि दोनों बच्चों के उपचार में जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान, सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई की गई। सफल सर्जरी के बाद दोनों बच्चों के परिजनों ने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आरबीएसके टीम एवं संबंधित अस्पतालों के प्रति आभार व्यक्त किया।